# तकनीक सहयोग और निवेश समेत चार क्षेत्रों में बढ़ेगी यूपी-जापान की साझेदारी

## सीएम योगी से जापानी राजदूत ओनो केइची ने की शिष्टाचार भेंट | इसी माह होने वाले विश्व एक्सपो, ओसाका में भी शामिल होगा प्रदेश का प्रतिनिधिमंडल

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** जापान के राजदूत ओनो केइची ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के दौरान उत्तर प्रदेश और जापान के बीच तकनीकी सहयोग, निवेश, युवाओं के कौशल विकास और पर्यटन जैसे चार प्रमुख क्षेत्रों में साझेदारी को लेकर चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने इन क्षेत्रों में व्यापक सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई।

जापानी राजदूत ने बीते 8 वर्षों में यूपी में हुए सकारात्मक परिवर्तन व विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जापानी कंपनियां उत्तर प्रदेश को निवेश के लिए एक भरोसेमंद और सकारात्मक वातावरण वाला राज्य मानती हैं।

बैठक के दौरान यह तय किया गया कि उत्तर प्रदेश सरकार का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल जल्द ही जापान का दौरा करेगा। यह दौरा ग्रीन हाइड्रोजन, इलेक्ट्रॉनिक्स व विशेष रूप से सेमीकंडक्टर तकनीक के क्षेत्र में साझेदारी के अवसरों को तलाशने के लिए होगा। साथ ही जुलाई के अंतिम सप्ताह में ओसाका में आयोजित होने वाले विश्व एक्सपो में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधिमंडल शामिल होगा।

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स, ग्रीन एनर्जी और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में जापानी निवेश और तकनीकी सहयोग का स्वागत करता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि राज्य सरकार मेट्रो परियोजनाओं के अलावा शहरी गतिशीलता के अन्य आधुनिक मॉडल को भी अपनाने के लिए तैयार है।



लखनऊ में शुक्रवार को जापानी राजदूत ओनो केइची ने सीएम योगी से मुलाकात की। -सूचना विभाग

### युवाओं के कौशल विकास व पर्यटन के क्षेत्र में भी होगी साझेदारी

बैठक में उत्तर प्रदेश के युवाओं के कौशल को विकसित करने और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर भी चर्चा हुई। इसमें विशेष रूप से जापान में रोजगार के अवसरों को ध्यान में रखते हुए, सीएम योगी ने बताया कि राज्य सरकार जापान के साथ मिलकर युवाओं को प्रशिक्षित करेगी, ताकि वे वहां नौकरी के योग्य बन सकें। जापानी राजदूत ने उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था, आधारभूत ढांचे, सड़क और रेल नेटवर्क तथा हवाई संपर्क के क्षेत्र में हुए कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह राज्य अब वैश्विक निवेशकों की पहली पसंद बनता जा रहा है। बैठक के अंत में दोनों पक्षों ने इस सहयोग को औपचारिक रूप देने और शीघ्र ही ठोस कार्ययोजना तैयार करने पर सहमति जताई।

### सीएम ने प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों को दिया संवेदनशीलता का मंत्र

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य प्रशासनिक सेवा (पीसीएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों को सफल और प्रभावी अधिकारी बनने के लिए संवाद, संवेदनशीलता और सकारात्मकता का मंत्र दिया है। शुक्रवार को पीसीएस 2022 बैच के 7 और 2023 बैच के 38 प्रशिक्षु अधिकारियों ने सीएम से मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य के प्रशासन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनना चुनौतियों से भरा है। ये चुनौतियां ही आपके व्यक्तित्व को निखारेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता से जुड़ाव और फैसलों में गुणवत्ता को प्राथमिकता दीजिए। ब्यूरो